प्रेस-विज्ञप्ति 11 जून, 2021

मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के पूर्व चीफ पैट्रन डॉ. गौर हरी जी सिंघनिया के जन्मदिवस पर मर्चेंट्स चेम्बर द्वारा शरबत वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मानव-स्मृति में सदैव जीवन्त रहने वाले महापुरुष डॉ. गौर हरी जी सिंघानिया का समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अविस्मरणीय योगदान रहा है। गौर बाबू ने अपने जीवन-काल में अनेकों विद्यालयो, संस्थानों तथा अस्पतालों की स्थापना की एवं इसके साथ ही साथ सास्कृतिक कार्यक्रमों एवं खेलों को बढावा देने में अत्यधिक योगदान दिया। डॉ0 गौर हरी सिंहानिया का कानपुर वासियों तथा कानपुर से अथाह प्रेम था। अपने जीवन काल में वे कानपुर को प्रदेश व देश में महत्वपूर्ण स्थान दिलाने की दिशा में कार्यरत रहे।

आपको सूचित करते हुए हमें बड़ा हर्ष हो रहा है कि चिलचिलाती उमस भरी गर्मी में प्रातः 10:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक शरबत-वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। मर्चेंट्स चेम्बर के कर्मचारियों द्वारा आमजन को लगातार शरबत वितरण किया गया। लगभग 4000 राहगीरों ने शरबत वितरण का आनंद लिया।

मर्चेंट्स चेम्बर द्वारा उमस भरी गर्मी में किया गया यह कार्य सिर्फ शरबत वितरण तक ही सिमित नहीं है बल्कि मानवता की दृष्टि से भी एक दिन के लिए ही सही लेकिन आमजन व समस्त राहगीरों के सूखे कंठ को मिठास का अनुभव करवाने का अनूठा प्रयास है।

आपसे विनम्र निवेदन है कि हमारे इस प्रयास को अपने प्रतिष्ठित समाचार-पत्र में स्थान देकर आमजन तक पहुंचने का कष्ट करें।

आपका बहुत आभार एवं साधुवाद !